हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 350 करोड़ लोगों को मिला पीएम आवास का लाभ

12 पोल्ट्री अवशेष फेंकने से नहर किनारे व जल में प्रदूषण ...


## खबर संक्षेप

### परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल कक्षा दसवीं और बारहवीं का आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है। विलंब शुल्क के साथ आवेदक 3 से 8 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपन स्कूल के प्रभारी टीआर ध्रुव ने बताया कि अब ओपन स्कूल की परीक्षा वर्ष में तीन बार अगस्त, नवंबर और अप्रैल माह में आयोजित की जाएगी।

### गश्त पर निकले पुलिस जवान को बदमाशों ने पीटा

**कुरुद।** 14 जून की रात चर्रा रोड कुरुद स्थित शराब दुकान के पास कुछ बदमाशों ने एक पुलिस जवान को घेरकर पीट दिया। घटना की खबर पाकर पुलिस पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंचा। पुलिस बल को देखकर बदमाश भाग निकले। मिली जानकारी के अनुसार गश्त पर निकले पुलिस जवान ने शराब दुकान के पास खुलेआम शराब पीते युवकों को देखकर उन्हें खदेड़ने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने उसे घेर लिया और अपशब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। जवान किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा। आसपास मौजूद लोगों ने यह नजारा देखा। इस बारे में टीआई राजेश जगत ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। अब तक एक युवक को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। दूसरे फरार लोगों की तलाश जारी है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में युवक घायल



- नहावन कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम धनोरा आया था

**नगरी।** ग्राम लोहरसी निवासी हिमांशु साहू केरेगांव और नगरी मेन रोड पर सड़क हादसे का शिकार हो गया। वह नहावन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम धनोरा आया था। ज्ञात हो कि धमतरी-नगरी रोड में घाटी के पास एक मोड़ है। धनोरा सोनझरी जाने वाले रोड के पास हाईवे वाहन द्वारा साइड नहीं देने के कारण वह पुल से टकरा गया। इस दुर्घटना में उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। राहगीरों का कहना है कि हाईवे वाहन ने उसे साइड नहीं दिया। हिमांशु साहू अभी बेहोशी की हालत में है। सिर पर गंभीर चोट लगी हुई है। प्रकाश यादव ने उसे तत्काल नगरी के हॉस्पिटल में भर्ती कराया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे धमतरी रेफर किया गया है। फोन के माध्यम से उनके घर वालों को सूचना दी गई है।

सोमवार से खुले स्कूल, गर्मी को देखते हुए समय में हुआ परिवर्तन

# पहले दिन खूब मचाई धमाचौकड़ी, दूसरे दिन से शुरू होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छात्रों का स्कूल में पहला दिन खेलकूद में ही निकल गया। लंबी छुट्टी के बाद दोस्तों से मुलाकात हुई थी, जिसके चलते छात्रों ने दिनभर स्कूल के दोस्तों के साथ धमाचौकड़ी मचाई। दूसरे दिन से स्कूल में पढ़ाई शुरू होगी। उधर गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूल के समय में परिवर्तन किया है। अब स्कूल सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लगेंगे।

मौज मस्ती के दिन अब समाप्त हो गए हैं। सोमवार से स्कूल खुल गए हैं। पहला दिन होने के कारण स्कूलों में पढ़ाई नहीं हुई। शिक्षक शाला प्रवेशोत्सव, पुस्तक और गणवेश वितरण में व्यस्त हो गए थे। वहीं छात्रों ने पहला दिन स्कूल के दोस्तों के साथ खेलकूद में बिताया। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी घूम-घूम कर स्कूलों का जायजा लेते रहे। लगभग सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। जनप्रतिनिधि और स्कूल स्टाफ सुबह 10 बजे से पहले ही स्कूल पहुंच गए थे। आने वाले बच्चों का उन्होंने तिलक कर मुंह मीठा कराया और स्कूल में स्वागत किया। ग्राम खपरी की प्राथमिक शाला में सरपंच रामरोशन ध्रुव, श्रीमती नैना साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और स्कूल स्टाफ ने शाला प्रवेशोत्सव मनाया। बच्चों को पुस्तक, गणवेश के साथ कई प्रकार सामग्री वितरित की गई। इसके बाद सभी बच्चों को एक साथ बिठाकर खीर पूड़ी खिलाई गई।

उल्लेखनीय है कि जिले में 878 प्राथमिक, 444 माध्यमिक शाला एवं 156 हाई व हायर स्कूल हैं। हाल ही में युक्तियुक्तकरण किया गया। जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी थी, वहां 359 अतिशेष शिक्षकों को काउंसिलिंग के बाद स्थानांतरित किया गया है। इसके बाद भी जिले के 37 स्कूल एकल शिक्षकीय हैं। इन स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए प्लानिंग की जा रही है।





### पाठ्यपुस्तकों की मांग

निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक आवंटित करने की मांग की है। संघ के दीपक लखोटिया, धीरज अग्रवाल, सुबोध राठी ने बताया कि शासन द्वारा बच्चों को दी जाने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का आवंटन अब तक हो जाना था, किंतु आज तक नवीन पाठ्य पुस्तकों के आवंटन संबंधी कोई भी सूचना निजी विद्यालयों को नहीं दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी और पाठ्य पुस्तक निगम के अधिकारियों से पहले भी पुस्तकों की मांग की जा चुकी है। पुस्तक नहीं मिलने से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित होगी।

### भोयना में हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग

सोमवार को भोयना सहित आसपास के गांव के छात्र और पालक कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उन्होंने भोयना में हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने की मांग की है। छात्रों ने बताया कि भोयना में कक्षा दसवीं तक की कक्षाएं संचालित हैं, जहां अछोटा, शकरवारा, भोयना, बरारी, मुड़पार, तेन्दूकोना, मथुराडीह, सियादेही के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के लिए इन छात्रों को धमतरी जाना पड़ता है। दूरी अधिक होने के कारण कई पालक छात्र-छात्राओं को धमतरी नहीं भेजते हैं और उनकी पढ़ाई रूक जाती है। जो छात्र-छात्राएं धमतरी पढ़ने जाते हैं, उन्हें भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लगेंगे स्कूल

उमस और गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने की मांग आ रही थी। शासन ने स्कूलों की छुट्टियां तो नहीं बढ़ाई, लेकिन छात्रों को गर्मी से राहत देने के लिए स्कूल के समय में परिवर्तन किया गया है। पहले दिन स्कूल 10 बजे लगाया गया था। अब शासन के आदेश के तहत मंगलवार से स्कूल सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लगेंगे। समय परिवर्तन का यह आदेश 17 से 21 जून तक प्रभावशाली रहेगा।


ग्राम शंकरदाह में शिक्षकों की कमी से नाराज हैं पालक व छात्र

# शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार कर तालाबंदी की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शंकरदाह हायर सेकेंडरी स्कूल में पहले से शिक्षक और स्टाफ की कमी है। इसके बाद भी यहां के कर्मचारियों को दूसरे विभागों में अटैच कर दिया गया है। स्टाफ की कमी के चलते स्कूल का रिजल्ट खराब आया है। इससे नाराज पालकों व छात्रों ने शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने तालाबंदी की चेतावनी भी दी है।

सोमवार को ग्राम शंकरदाह से शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में पूर्णकालिक प्राचार्य का एक पद, व्याख्याता वाणिज्य, संस्कृत, भौतिक शास्त्र का एक-एक पद, सहायक ग्रेड 3 का एक पद, भृत्य का 3 पद वर्तमान में रिक्त है। इससे स्कूल में पहले से स्टाफ कम है। इसके बाद भी संस्था में पदस्थ शिक्षक ग्रंथपाल एलबी श्रीमती प्रतिमा देशमुख विगत को 2 वर्षों से जिला ग्रंथालय धमतरी में तथा श्रीमती दीप्ति चतुर्वेदी भृत्य को कार्यालय पशुधन विभाग धमतरी में संलग्न किया गया है।




कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के निराकरण के लिए जिला शिक्षा विभाग, कलेक्टर जनदर्शन तथा सुशासन में भी आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद समस्याएं जस की तस हैं। विषय शिक्षक की कमी के कारण शाला में कई विषयों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। दो वर्षों से ग्रंथपाल की अनुपस्थिति से छात्रों को पुस्तकालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्टाफ की कमी के चलते कार्यालयीन कार्यों में शिक्षकों का सहयोग लेना पड़ता है। इससे भी पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण में भी शंकरदाह स्कूल के रिक्त पदों को डिस्प्ले नहीं किया गया। अतिशेष शिक्षकों को दूसरी जगहों पर भेजा जा रहा है, जिससे भविष्य में भी यहां रिक्त पदों की पूर्ति के आसार नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने स्कूल के रिक्त पदों में जल्द से जल्द नियुक्ति तथा ग्रंथपाल, भृत्य का संलग्नीकरण समाप्त कर शाला में वापसी मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी भी दी है। कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, पूर्व अध्यक्ष भानुप्रताप नेताम, राजेश कुंजाम, रामकुमार, संदीप आदि शामिल थे।

14 बदमाशों को भेजा जा चुका है जेल

असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान जारी

# पांच दिन में पुलिस ने 34 लोगों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर पांच दिनों में 34 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। वहीं 14 को जेल भेजा जा चुका है।

शहर में बढ़ते अपराध को देखते हुए सामान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संगठनों ने असामाजिक तत्वों, नशाखोरी, चाकूबाजी व अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने एसपी सूरजसिंह परिहार से मुलाकात कर अनुरोध किया था। एसपी ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। जिसके तहत सिटी कोतवाली, अर्जुनी थाना सहित जिले के सभी थानों ने अपने अपने थाना क्षेत्रों में संवेदनशील व संदिग्ध स्थलों में सघन बाइक पेट्रोलिंग के साथ अभियान शुरु किया। अभियान के तहत शहर के मकई चौपाटी, स्टेशनपारा, मकेश्वर वार्ड, दानीटोला, गड्ढापारा, जालमपुर, लालबगीचा, एकलव्य खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम सहित वार्डों की गलियों व सुनसान इलाकों में पेट्रोलिंग की गई। वहीं अड्डेबाजी व चाकूबाजी करने वाले के संभावित ठिकानों में दबिश दी गई। पुलिस द्वारा शाम को बाइक व पैदल पेट्रोलिंग की जा रही है। यह अभियान बीते पांच दिनों से लगातार जारी है। अड्डेबाजी की संभावित जगहों को बंद किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों से लगभग 100 लोगों को पूछताछ व जांच के लिए थाना लाया जा चुका है। अभियान के दौरान बीते पांच दिन में सभी थाना मिलाकर 34 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। जिसमें से 14 बदमाशों को जेल भी भेजा दिया गया है। रात्रि में देर तक दुकानों के खुले रहने के कारण वहां बदमाशों की आवाजाही रहती है। उन पर भी पाबंदी लगाई जा रही है।

# इंजन से अलग होकर रेत से भरी ट्राली खड़ी बोलेरो से टकराई

- सड़क पर लोगों की आवाजाही कम थी, अन्यथा हो सकती थी बड़ी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रेत भरकर आ रही ट्रैक्टर की ट्राली अचानक इंजन से अलग होकर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो से टकरा गई। घटना के समय आवाजाही कम होने के कारण गंभीर हादसा टल गया।

रेत परिवहन में लगे ट्रैक्टर सुबह होने से पहले ही खदान की तरफ निकल जाते हैं। जहां से रेत भरकर ट्रैक्टर उसे खाली करने बताए गए कार्यस्थल के लिए रवाना हो जाते हैं। उजाला होने से पहले तक यह ट्रैक्टर एक ट्रीप रेत खाली कर दूसरी खेप के लिए खदान निकल जाते हैं। सुबह 4 बजे के लगभग मार्निंग वाक करने वालों को छोड़कर सड़कें लगभग सूनी रहती हैं जिसका फायदा उठाते हुए चालक तेज गति से ट्रैक्टर को चलाते हैं। कई बार तो चालकों में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ भी लग जाती है जिसके कारण ट्रैक्टरों की गति अधिक हो जाती है। जरूरत पड़ने पर अचानक ट्रैक्टर को रोक पाना चालक के बस की बात नहीं रहती। इसी चक्कर में कई बार गंभीर सड़क हादसे भी हो चुके हैं। रविवार की सुबह भी बिलाईमाता मंदिर से लक्ष्मी निवास चौक मार्ग में गंभीर सड़क दुर्घटना टल गई। रविवार की सुबह चालक ट्रैक्टर-ट्राली में रेत भरकर उसे खाली करने जा रहा था। ट्रैक्टर लक्ष्मी निवास चौक गोकुलपुर की तरफ बढ़ रहा था। ट्रैक्टर की गति अधिक थी। इसी दौरान ब्रम्ह चौक को पार करते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर से रेत से भरी ट्राली अलग होकर बेलगाम हो गई। चालक इंजन को किसी तरह सड़क किनारे रोकने में सफल रहा लेकिन बेलगाम ट्राली सड़क से नीचे उतर किनारे में खड़ी किराया भंडार की एक पिकअप को टक्कर मारते हुए बोलेरो वाहन से टकरा गई। इस टक्कर से पिकअप के बोनट साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बोलेरो वाहन के पीछे का दरवाजा सहित अन्य हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय सड़क पर लोगों की आवाजाही कम थी। अगर सड़क पर भीड़ रहती तो बड़ी घटना हो सकती थी। ट्राली का इंजन से अलग होने का कारण टोचन रॉड का फेंका जाना बताया जा रहा है।

बहरहाल दोनों पक्ष में क्षतिग्रस्त वाहन की मरम्मत कराने के संबंध में चर्चा की जा रही थी।

# रोड किनारे देखे गए गौर और भालू



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- मार्निंग वॉक करने वालों ने बनाया वीडियो

मार्निंग वॉक करने वाले लोगों ने चारगांव रोड किनारे गौर और नगरी चमेदा रोड पर भालू को देखा। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया जो जमकर वायरल हो रहा है। शनिवार की सुबह जंगल की ओर सैर पर निकले लोगों ने भारतीय बायसन (गौर) को देखा। उन्होंने वीडियो बनाया। वीडियो में साफ तौर से दो गौर को देखा जा सकता है। ज्ञात हो कि यह गोजातीय प्रजाति का है जो वन क्षेत्रों में रहते हैं। इसके निवास स्थान के नुकसान और शिकार के कारण रेड लिस्ट में संवेदनशील के रूप में दिखाई देता है। गौर की कुछ प्रजाति विलुप्त हो चुकी है। सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में कभी-कभी दिखाई देता है। वहीं नगरी चमेदा रोड पर भालू भी विचरण करते दिखाई दिया।

### पशुपालकों के लिए 18 को कार्यशाला

**नगरी।** पशुधन विकास विभाग धमतरी के उपसंचालक डॉ. एमएस बघेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पशुधन मिशन केसीसी एवं कान्ट्रेक्ट पोल्ट्री फार्मिंग योजना के माध्यम से अनुदान पर किसानों को लाभ पहुंचाने 18 जून को 10.30 बजे नगरी जनपद पंचायत के सभाकक्ष में कार्यशाला प्रारंभ होगी। इस कार्यशाला में रायपुर के विशेषज्ञों व्दारा पशुपालकों और किसानों को विशेष जानकारी दी जाएगी। नगरी विकासखंड के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रहलाद कुमार लावत्रे ने क्षेत्र के पशुपालकों से उपस्थित होने की अपील की है। इस कार्यशाला में पशुपालक आर्थिक विकास कर उन्नत बनने के विविध तरीकों को सीखेंगे।

रेलवे की कार्रवाई से प्रभावित लोगों ने की व्यवस्थापन की मांग

# बारिश से पहले खुले आसमान के नीचे आ गए कई परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- कलेक्टर जनदर्शन में आए कई संवेदनशील मामले

ऐन बारिश से पहले बड़ी रेललाइन के लिए कई मकानों को ढहाया जा रहा है, इससे प्रभावित बिना छत के खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। इन लोगों के पास इतना वक्त है और न धन है कि वे मकान बनाकर रह सकें। प्रभावित लोगों ने जनदर्शन में आवेदन देकर व्यवस्थापन की मांग की है। जनदर्शन सेवा प्रदाता शिक्षकों ने फिर से नियुक्ति की मांग की है। डुबान के बोकराबेड़ा के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की मांग की है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम चरमुड़िया से ग्रामीण पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत केन्द्री-धमतरी व अभनपुर-राजिम शाखा लाइन का दोहरीकरण किया जा रहा है। इससे कई लोग प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान में जमीन अधिग्रहण के लिए भूमि एवं परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। रेलवे के इस प्रोजेक्ट में उनके मकान एवं जमीन प्रभावित हो रही है। रेलवे द्वारा मकानों को डिस्मेंटल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बारिश का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित परिवारों के सिर पर छत नहीं है। रेलवे द्वारा जो मुआवजा राशि दी गई है, वह इतनी कम है कि उसमें जमीन खरीदकर वे मकान नहीं बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम चरमुड़िया प.ह.नं. 00025, खसरा नंबर 374/2 का रकबा 0.4000 हेक्टेयर आबादी भूमि उपलब्ध है। इस जमीन पर गांव के कई लोग बसे हुए हैं। वर्तमान में केवल 20 डिसमिल जमीन ही शेष है। प्रभावितों ने इस जमीन को उन्हें आवंटित कर राहत देने की मांग की है।



### सेवा प्रदाता शिक्षकों ने कहा फिर से मिले सेवा का अवसर



सेवा प्रदाता शिक्षकों ने फिर से नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने बताया कि सितम्बर 2023 में उन्हें धमतरी, नगरी, कुरुद एवं मगरलोड सेवा प्रदाता के रूम में छात्रों को पढ़ाने का मौका मिला। सभी सेवा प्रदाता शिक्षकों ने जिम्मेदारीपूर्वक काम किया। उनकी सेवा अवधि सितम्बर 2023 से अप्रैल 2024 तक 8 माह के लिए थी। वर्ष 2024-25 में उन्हें फिर से अवसर मिला। उन्होंने वर्ष 2025-26 में पुनः सेवा का अवसर प्रदान करने की मांग की है।

### मोटर पंपों के लिए ट्रांसफार्मर की मांग



बोकराबेड़ा के डेढ़ दर्जन से ज्यादा किसान लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों ने बताया कि ट्रांसफार्मर डेढ़ किमी दूर है, जहां से बिजली उनके पंप तक पहुंचने से पहले कमजोर हो जाती है। मोटरपंपों से तुरतुरी जैसी धार निकलती है। किसानों ने बताया कि अगर 100 के.व्ही. का ट्रांसफार्मर बोकराबेड़ा पुल के पास लग जाता है सेमरा, बिरगुड़ी, बोकराबेड़ा के 18 से 19 किसानों को लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर के लिए सर्वे करने के बाद लाइनमेन द्वारा हर व्यक्ति से तीन हजार रुपए की मांग की जा रही है। इतनी राशि देने में किसान सक्षम नहीं हैं।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप




### नवप्रवेशी एवं शाला त्यागी छात्रों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

**कांकेर।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 का आगाज हो गया है और जिले में संचालित सभी शासकीय विद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। विद्यालयों में नवप्रवेशी व शाला त्यागी छात्रों को गणवेश, चंदन तिलक, मिठाई, पुष्पहार से स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि डोर टू डोर बैठक का आयोजन कर विद्यालय में शाला त्यागी एवं नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा जिले में संचालित समस्त शासकीय समस्त विद्यालयों के संकुल समन्वयकों, संकुल प्राचार्यों व प्रधानाध्यापकों की बैठक लेकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, पाठ्य पुस्तकों व गणवेशों की उपलब्धता, मध्यान्ह भोजन का संचालन, शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था एवं स्वस्थ वातावरण बनाए जाने के लिए निर्देशित किया।

## निधन

### युवराज साहू



**मगरलोड।** ग्राम गिरौद निवासी युवराज साहू 50 वर्ष का निधन 15 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गिरौद के मुक्तिधाम में किया गया। वे दशरथ-लीला साहू के पुत्र, गणेश्वरी साहू के पति, धर्मराज साहू के भाई एवं हालेंद्र एवं कोमलेश, प्रेमलता साहू के पिता थे। उनकी अन्तिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### रामबाई साहू



**नगरी।** ग्राम सांकरा निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जनकराम साहू की मां श्रीमती रामबाई साहू का निधन 15 जून को सुबह 8 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सांकरा में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजन, ग्रामीणजन समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

---

**न्यायालय :-श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी धमतरी (छ.ग.)**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

दिनांक :-13.06.2025
प्रोसेस क्र :-07/2025
व्य.प्र.क्र :-36 अ/2024
पेशी तारीख :-08.07.2025

सखाराम ............वादी

बनाम

चैतराम वगैरह ............प्रतिवादीगण

1. चैतराम, उम्र 46 वर्ष, पिता पुरानिक राम साहू
2. सुकलाल उम्र 45 वर्ष, पिता पुरानिक राम साहू
3. श्यामलाल उम्र 43 वर्ष, पिता पुरानिक राम साहू

सभी निवासी-ग्राम आमदी, तह. व जिला धमतरी (छ.ग.)

वादी सखाराम के द्वारा इस न्यायालय में आप प्रतिवादीगण के विरुद्ध प्रस्तुत वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा दिनांक 29.04.2024 को व्यवहार वाद क्र. 36 अ/2024 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया है। उक्त वाद की पेशी इस न्यायालय में दिनांक 08.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे तीनों प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु उपसंजात होने के लिए आम सूचना जारी किया जाता है।

इस न्यायालय में स्वयं, अधिवक्ता अथवा प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो वाद प्रकरण की सुनवाई और निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 08.07.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

(प्रणव वैद्य)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला धमतरी (छ.ग.)

---

### युक्तियुक्तकरण को रोकने कलेक्टर, डीईओ, बीईओ नगरी को दिया आवेदन

# प्राथमिक शाला रामनगर के छात्र छात्रावास के बाहर धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

हिन्छापुर प्राथमिक शाला रामनगर के स्कूली छात्र-छात्राएं युक्तियुक्तकरण को लेकर शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। उनके पालक भी साथ थे।

इस मामले पर शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम सांकरा की प्रधानपाठक श्रीमती जितेन्द्री साहू ने बताया कि प्राथमिक शाला रामनगर के युक्तियुक्तकरण के संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं है। इस छात्रावास में 59 छात्राएं रहती है। शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम सांकरा पंचायत में स्थित है। वहीं रामनगर ग्राम पंचायत हिन्छापुर के आश्रित ग्राम है।



प्राथमिक शाला रामनगर में छात्रों की संख्या 28 से 30 है। वर्तमान में युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी हो चुका है पर प्राथमिक शाला रामनगर की शाला प्रबंधन समिति को मालूम है या जानबूझकर अनजान बन रहे हैं यह समझ से परे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत हिंन्छापुर सरपंच अमन ध्रुव ने कहा कि प्राथमिक शाला रामनगर का युक्तियुक्तकरण हो गया है। हमें हाल ही में पता चला जिसके चलते ग्राम पंचायत हिन्छापुर के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला रामनगर का युक्ति युक्तकरण को रोककर इसे यथावत रखने कलेक्टर, डीईओ, बीईओ नगरी को आवेदन पत्र दिया है। इस संबंध में जनपद सदस्य राजेश गोसाईं ने कहा कि प्राथमिक शाला रामनगर के युक्तियुक्तकरण को लेकर सभी को आवेदन के माध्यम से जानकारी दे चुके हैं अब शासन प्रशासन, शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है कि बच्चे अब कहां पढ़ाई करेंगे।

शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम सांकरा के गेट के बाहर प्राथमिक शाला रामनगर के छात्र छात्राओं सहित सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, सरपंच हिन्छापुर अमन ध्रुव, उपसरपंच सत्तू सिन्हा, टेमन नाग, महेश्वरी चनाप, हेमिन चनाप, सावित्री मानिकपुरी, निर्मला अग्रवाणी उपस्थित थे।

# भानु ने कन्या शाला की छात्राओं का चरण स्पर्श कर किया स्वागत

- प्रवेशोत्सव : नवप्रवेशी बच्चों को दी गई नि:शुल्क पुस्तकें और गणवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



नए शिक्षण सत्र की शुरूआत हो गई है। बच्चों को स्कूलों में तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जहां बच्चों ने उत्साह के साथ शाला में प्रवेश किया वहीं एक बार फिर स्कूल का वातावरण बच्चों की किलकारियों से चहक उठा।

नगर पंचायत कुरुद स्थित शासकीय कन्या शाला में विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि द्वारा छात्राओं को गणवेश, पुस्तक और नव प्रवेशी बच्चों को तिलक, रोली लगाकर व चरण स्पर्श कर स्वागत किया गया। इस दौरान भानु ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है। राज्य सरकार प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश उपलब्ध कराती है ताकि स्कूल खुलने के पहले दिन से ही बच्चे अध्ययन में जुट जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की ओर से भी बधाई देते हुए प्रदेश में जिला व प्रदेश में अव्वल आने वाले विद्यार्थी को प्रोत्साहन राशि देने की बता कही। शिक्षकों से आशा करते हुए कहा कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें समाज में एक नई पहचान दिलाएं। इस अवसर पर नगर पंचायत के पार्षदगण राखी चंद्राकर, मिथिलेश बैस, महेंद्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, सीतेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

# जिले में 11 करोड़ की हुई चने की खरीदी

**पुरी।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने सहकारी समितियों एवं किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए 1 मार्च से 31 मई तक लगभग 2197 किसानों से 20,646 क्विंटल 11 करोड़ 66 लाख का चना खरीदा। 5650 प्रति क्विंटल की दर से जिले की आठ समितियों द्वारा चने की खरीदी की गई। नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी ने बताया कि इससे किसान सहित सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आने वाले वर्ष में जल संरक्षण हेतु किसान धान फसल की जगह दलहन-तिलहन लगाने की ओर अवश्य अग्रसर होंगे।



# मड़ेली स्कूल में बच्चों को बताया-शिक्षा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय माध्यमिक शाला मड़ेली में नया सत्र 2025- 26 का शुभारंभ हुआ। शासन के युक्तियुक्तकरण के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक की कक्षा एक परिसर में संचालित हो रही है। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत गुलाल से शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू ने किया।



उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया।

प्रधानपाठक सुरेश बघेल ने बच्चों का स्वागत करते हुए शाला संचालन में सभी शिक्षकों के सहयोग एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने की बात कही। कार्यक्रम में होमलता साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, जीवनलाल भारद्वाज, विद्या साहू, डीकेश्वर साहू, संतोष साहू एवं देवनारायण ध्रुव शिक्षक उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता कमलेश ठोकने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विरेंद्र साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड थे। अतिथियों ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम के समापन में अमर बाई



साहू (करेली छोटी) एवं अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में मृत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपानी सहित सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य टीआर कंवर, पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु, मंडल महामंत्री नंदनी सिन्हा, मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, करेली छोटी सरपंच डॉ. परमेश्वर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष राखी साहू, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु साहू, चंदू निषाद, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष टीकम साहू, पूर्व जनपद सदस्य हिरामन ध्रुव, महिला मोर्चा महामंत्री भानुप्रिया साहू, भुनेश्वरी ध्रुव,पदमनी साहू, गोविंद साहू, फागूराम, वासु साहू, रामेश्वर साहू, देवनाथ साहू, धनेश साहू, ईशु साहू, लेखराम साहू, सुकलाल साहू, जनक साहू, ठाकुरराम साहू, घनश्याम साहू, जितेन्द्र साहू, तोमन साहू, राजेंद्र कुमार, भोला साहू, रमेश साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मेघा स्कूल में विद्यार्थियों का हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में शाला प्रवेशोत्सव शाला विकास समिति के सदस्य राजेश साहू, संतोष साहू, ताराचंद सोनी व सरपंच मनीषा गजेंद्र ध्रुव की उपस्थिति में मनाया गया। सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। छात्राओं व शिक्षकों को शाला विकास समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार साहू व पालकों ने नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। नए शिक्षा सत्र में वर्षों की पुरानी मांग पूरी हुई। भौतिकी विषय के व्याख्याता



नंदकुमार गौतम ने शाला में उपस्थिति दी।

# भालुझूलन स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला भालुझूलन में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला विकास समिति के सदस्यों और पालकगणों ने नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्हारपुरी के उपसरपंच चेतन पटेल ने अपने उद्बोधन में बच्चों को सतत मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानपाठिका श्रीमती अर्चना चंद्राकर, शिक्षक द्वारिका प्रसाद देवांगन, टंकेश्वर भार्गव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती दुलेश पटेल, रेणु कंवर, मंगलू ध्रुव, चंदन साहू, ऐनकुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# लोगों को किसी न किसी योजना का लाभ मिला है : यशवंत

- मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पुरूर में हुई कार्यशाला
- पार्टी कार्यालय का उद्घाटन एवं स्कूल परिसर पर पौधरोपण भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम वर्ष मना रही है। इसी सिलसिले में भाजपा मंडल पुरूर में एक मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एवं सभा का आयोजन किया गया। कार्यशाला से पूर्व अतिथियों ने पुरूर बस स्टैंड पर पार्टी कार्यालय का उद्घाटन एवं स्कूल परिसर पर पौधरोपण भी किया।

मुख्य वक्ता बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशंवत ने कहा कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से मोदी जी के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला, युवाओं को






योजनाओं का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, घर घर नल जल, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन सहित केन्द्र सरकार की एक-एक योजनाओं के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि हम 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा मना रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर चौपाल, 21 जून को योग दिवस, 23 जून को डां श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया जायेगा। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लेकर भारत की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ आत्म स्वाभिमान का गौरव जागृत किया है। आज भारत पूरे विश्व में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया की समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पहचान मजबूत हुई है। केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ आमजनता तक पहुंचाना है। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक त्रिलोकी साहू ने किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, यादराम साहू, जर्नादन सिन्हा, बसंत ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, सत्येन्द्र साहू जिपं सदस्य तेजराम साहू, चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी साहू, लखनलाल गुरूपंच, पूर्व जिपं सदस्य मीना साहू, ललीता साहू, सविता साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने स्कूल मैदान पर पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान बागतराई सरपंच श्रीमती अनीता साहू, भूतपूर्व सैनिक भुनेश्वर साहू, नोविन बारामार ने भाजपा प्रवेश किया। वहीं विमान दुर्घटना में मृत लोगों को 1 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### सशिमं जीजामगांव में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

# सरपंच ने छात्रों को बताया अनुशासन का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ पिछली कक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच देवचरण चंद्राकर, उपसरपंच होरिलाल महिलांगे, शुभम दास बघेल, अरुण साहू, भोजराज सोन, रोशन केला, निरंजन पटेल, हरिराम साहू एवं विद्यालय संयोजक संजीव पटेल थे। सरपंच देवचरण चंद्राकर द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया





गया। कुछ छात्र छात्राओं के जन्मदिवस पर भारतीय परंपरा के अनुसार पूजन तिलक कर मेधावी एवं संस्कारी बनने की शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर देवचरण ने छात्रों को नियमित पढ़ाई करने, गृह कार्य करने एवं अनुशासन का महत्व बताया। उपसरपंच होरी लाल, शुभम दास ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में दी जा रही शिक्षा एवं संस्कार, सनातन संस्कृति की संकल्पना का प्रथम सोपान है। भारतीय संस्कृति की जड़ें हमारे वैदिक ज्ञान में निहित है जो सरस्वती शिशु मंदिर अपने विद्यार्थियों के दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करता है। मौके पर प्रधानाचार्य रोहित पटेल, आचार्य डिगेश्वर पटेल, श्रीमती हेमा साहू, इंदिरा साहू, यशोदा साहू, फलिता साहू, बिंदु साहू, अंगिता यादव ,मनीषा निषाद, तनु साहू समेत अनय उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने की पुल निर्माण की मांग

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल ग्राम पंचायत साधुमिचगाव के आश्रित ग्राम गोपालटोला के नाला में पुलिया निर्माण की मांग किया जा रहा है। ग्रामीण चैतूराम कुमेटी, बृजलाल हुर्रा, सुनीतराम आंचला, सुबेसिंह पुडो, कमलेश मंडावी और रमेश कुमेटी ने बताया कि वर्षों से गोपालटोला और भुसकी के बीच नाला में पुल निर्माण की मांग किया जा रहा है। पुल नहीं बनने से बारिश के दिनों में काफी दिक्कत हो रही है वहीं स्कूली बच्चों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है।

### छठवीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी

**कांकेर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए जिला पर 8, 9 एवं 15 जून को काउंसिलिंग का आयोजन किया गया था। आरक्षण नियमों का पालन करते हुए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी की गई थी, जिसमें आंशिक संशोधित करते हुए चयन एवं प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 22 से 30 जून तक प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लिए जाने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए अवसर दिया जाएगा।

### स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त लेंगे समीक्षा बैठक

**कांकेर।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के बस्तर दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत के सभा कक्ष 19 जून सुबह साढ़े 11 बजे अधिकारियों एवं संघ के पदाधिकारी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक लेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मत्स्य बोर्ड कल्याण बोर्ड भरत मटियारा करेंगे।

मुर्गा, मुर्गी, मछली, बकरा, मटन के अपशिष्ट पदार्थ फेंकने से 500 मीटर तक असहनीय बदबू

# पोल्ट्री अवशेष फेंकने से नहर किनारे व जल में प्रदूषण बढ़ा, पानी पहुंच रहा राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इंसान इतना स्वार्थी हो जाता है जिसकी कल्पना करना नामुमकिन है। शासन के आग्रह पर भी लोग जल, जमीन, पर्यावरण को प्रदूषित करने नहीं छोड़ रहे हैं। शहर की मुख्य नहर (महानदी मुख्य नहर) के किनारे हजारों क्विंटल पोल्ट्री अवशेष फेंके जा रहे हैं जो मिट्टी और पीने योग्य पानी को धीरे-धीरे प्रदूषित कर रहा है। बता दें कि नहर का पानी रायपुर राजधानी तक जाता है। राजधानीवासी इस जल का सेवन करते हैं। खराब मटेरियल, मुर्गी, मुर्गा के पंख, मांस के अवशेष पानी को प्रदूषित कर रहा है। नहर मार्ग की सुंदरता खराब कर रहा है। पोल्ट्री अवशेष और



खराब सामान उड़कर खेतों में जा रहे हैं जिससे जमीन का प्रदूषण बढ़ रहा है। प्रदूषित जल पीने राजधानीवासी मजबूर हो रहे हैं। यह स्थिति पिछले कई सालों से हैं। पोल्ट्री अवशेष का ढेर लग गया है।

विदित हो कि इस क्षेत्र में सैकड़ों पोल्ट्री फार्म, चिकन, मटन की दुकान है। दिन भर व्यवसाय करने के बाद दुकानदार पोल्ट्री अवशेष रात होते ही नहर किनारे डाल देते हैं जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीण लतखोर ध्रुव, विश्राम ध्रुव, केतन सिन्हा, नरोत्तम साहू, लक्ष्मण देवांगन, मोहित साहू, खूबलाल सिन्हा का कहना है कि नहर मार्ग से उन्हें रोज आना-जाना करना पड़ता है। एक किमी तक नहर किनारे असहनीय बदबू रहती है। चिकन, मटन, मछली, मांस के अवशेष, पंख चारों ओर बिखरे हुए हैं। मार्ग में चलने के दौरान गमछा रूमाल से नाक मुंह ढंककर चलना पड़ता है। कचरा फेंकने वालों को कोई मना भी नहीं कर रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। कुछ पोल्ट्री व्यवसायी हजारों की तादाद में मरे हुए मुर्गियां यही फेंक रहे हैं जो शहर के पानी में जाकर जल को प्रदूषित कर रहे हैं। इसी पानी को आसपास के खेतीहर कृषक पीते हैं। रायपुरवासी भी इसी पानी को पीते हैं। इससे बीमारी होने की आशंका है। बारिश होने पर सभी अपशिष्ट पदार्थ नहर के पानी में चला जाता है।

### नहर किनारे मेडिकल व पूजा सामग्री फेंक रहे लोग

बता दें कि देखरेख के अभाव में लोग रात के अंधेरे में अस्पताल के सीरिंज, कफ सिरफ बाटल, ग्लूकोस बॉटल, दवाइयां, टेबलेट, मेडिकल, अपशिष्ट पदार्थ फेंक रहे हैं। वहीं खोमचे वाले प्लास्टिक ग्लास, झिल्ली, कचरा, नहर में डाल रहे हैं। शराब भट्ठी होने के कारण सैकड़ों अवैध खोमचे हैं जहां से निकलने वाले कचरे को नहर में फेंक रहे हैं। कुछ लोग पूजा सामग्री प्रतिदिन नहर में डाल रहे हैं। थैला भरकर कचरा जल में डाल देते हैं। शादी ब्याह में बचे खाना भी नहर के पानी में डाल रहे हैं।

# सभी अधूरे निर्माण कार्य बारिश से पहले पूर्ण करें





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- बैठक में आयुक्त ने ठेकेदारों को दिए निर्देश

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने आगामी बरसात को देखते हुए बैठक का आयोजन किया, जिसमें सभी संबंधित ठेकेदारों और इंजीनियरों को तलब किया। बैठक में रोड, नाली, भवन निर्माण एवं अन्य सार्वजनिक विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधूरे निर्माण कार्यों को बरसात शुरू होने से पहले प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या को रोकने के लिए नालियों के निर्माण एवं मरम्मत समय पर पूरी होनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में सड़कें खुदी हुई हैं या निर्माणाधीन हैं, वहां तत्काल कार्रवाई कर जनता को राहत पहुंचाई जाए। आयुक्त ने ठेकेदारों से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रिया गोयल ने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात के मौसम में नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में कार्यपालन अभियंता, उप अभियंता भी उपस्थित रहे।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी शिद्दत से जुट जाएं : शुभम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के रूद्री रोड स्थित गुलमोहर वाटिका निवासी शुभम सोनकर नीट/नेशनल इलिजीबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट एग्जाम में टापर बनकर मेडिकल की पढ़ाई करने तैयार हैं। शुभम ने तीसरी बार में नीट में सफलता प्राप्त की है। वे डाक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं।

शुभम ने बताया कि बचपन से ही उन्हें मेडिकल क्षेत्र में जाने की रूचि थी। बच्चे की ख्वाहिश को जानकर माता-पिता ने भी शुभम को पूरा सहयोग प्रदान किया। पिता रोहित सोनकर पेशे से बिजनेसमेन हैं। माता दीप्ति सोनकर गृहिणी हैं। सौरभ के बड़े भाई भी बिजनेसमेन हैं। डॉक्टर बनने की चाहत में शुभम ने 12वीं तक बायोलाजी में पढ़ाई



### शुभम को नीट परीक्षा में मिले 554 अंक डॉक्टर बनकर करना चाहते हैं लोगों की सेवा

की। उनका पसंदीदा स्कूल मॉडल इंग्लिश स्कूल था, जहां से उन्होंने 12वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया। शुभम बताते हैं कि अच्छी तैयारी की बदौलत नीट में उन्होंने 720 में से 554 अंक लाया है। उनकी ऑल इंडिया रैंक 10432 है। नीट में सफलता के बाद शुभम का एडमिशन शासकीय मेडिकल कालेज में हो जाएगा। उन्होंने बताया कि रायपुर स्थित पं.जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज में पढ़ाई के लिए एडमिशन लेंगे। जहां से वे एमबीबीएस पास आउट करेंगे। आगे की पढ़ाई समय पर निर्भर करेगी। हालांकि वे यूजी कंपलीट के बाद पीजी जरूर करेंगे।

शुभम का कहना है कि कभी हार नहीं माननी चाहिए। असफलता के बाद ही सफलता मिलती है। छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए शुभम ने कहा कि अपना लक्ष्य हाई, हायर सेकेंडरी स्तर पर ही तय कर लेना चाहिए। फिर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी शिद्दत से जुट जाएं, सफलता जरुरी कदम चूमेगी। युवा अपना समय खराब न करें। पूरा दिन करियर निर्माण में लगाएं। करियर बनने के बाद भविष्य सुनहरा हो जाता है। शुभम ने बताया कि नीट परीक्षा में दो बार असफल होने के बाद उन्होंने हार नहीं मानी। तीसरी बार अच्छी रैंक से पासआउट हुए हैं।

# केसरी के लाल, मेरे बांके बिहारीलाल जैसे भजनों पर नृत्य कर सभी को किया भावविभोर

- संस्कार, कला और आत्मविश्वास की प्रस्तुति के साथ बाल संस्कार समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ब्रज गोपिका सेवा मिशन (बीजीएसएम) के तत्वावधान में राधाकृष्ण भवन, महालक्ष्मी ग्रीन्स विवेकानंद कॉलोनी में आयोजित बाल संस्कार समर कैंप का समापन हुआ। बच्चों ने अपने बीते चार दिनों में अर्जित ज्ञान, संस्कार, कला एवं आत्मविश्वास को रंगमंच पर प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

बच्चों ने रामायण, श्रीकृष्ण लीला, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों पर आधारित नृत्य प्रस्तुति किया। केसरी के लाल, मेरे बांके बिहारीलाल, देवकीनंदन तुमको वंदन जैसे भजनों पर नृत्य कर सभी को भावविभोर कर दिया।



प्रियादासी द्वारा ली गई शिक्षाप्रद और भावपूर्ण कक्षा इस दिन का विशेष आकर्षण रही। उन्होंने बच्चों को सहज, रोचक और हृदयस्पर्शी ढंग से आध्यात्मिक जीवन, नैतिक मूल्यों और भक्ति की महत्ता समझाई।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार वितरित किए गए। इस आयोजन में संतोष मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, नोकूराम सिन्हा, अंकित मिश्रा, महेश राजक, उमेश सिन्हा, शरद राजक, महेश महावर, उत्तम कोसरिया, श्रीमती हिना मिश्रा, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, श्रीमती पिंकी सोनबेर, श्रीमती आयुषी मिश्रा, कुमारी सृष्टि शर्मा एवं श्रीमती तृप्ति सिन्हा का योगदान रहा।

### भेंडरी में हुई भाजपा मंडल योजना की बैठक

**मगरलोड।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल अंतर्गत मंडल योजना की बैठक ग्राम भेंडरी में संपन्न हुई। मंडल प्रभारी श्याम साहू की उपस्थिति व कार्यक्रम के संयोजक होरी लाल साहू, सह संयोजक धर्मेन्द्र साहू, मंडल मेघा के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता के द्वारा अभियान के तहत मंडल कार्ययोजना बैठक हुआ। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम शामिल है मंडल, ग्राम, शक्तिकेंद्र, बूथ स्तर में किया जाना है। 15 जून विकसित भारत संकल्प सभा स्थान परसट्टी समय, 17 जून चौपाल ग्राम स्तर। आयुषमान कार्ड पंजीयन करना, हितग्राहियों से मिलकर छोटे वीडियो क्लिप बनाना, 21 जून योग दिवस ग्राम स्तर। एक जगह एकत्रित होकर योग करना, 23 जून डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण करना। उक्त सूचना सभी ग्राम के प्रभारी, ग्राम स्तर बूथ स्तर के कार्यक्रम को संपन्न बनाने संकल्पित है।

# भारत बना विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रकाश

- सुरक्षित, संपन्न और सुखी भारत का संकल्प हुआ सिद्ध : कविंद्र
- भाजपा शहर मंडल में मंडल स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा शहर मंडल में आयोजित मंडल स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा में मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक भारत को विकसित भारत बनायेंगे। अमृतकाल चल रहा है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और हम सब को मिलकर इसे विश्व गुरु बनाना है। इस संकल्पना को सिद्ध करने में सभी 140 करोड़ देशवासियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सहवक्ता जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आजाद भारत को दो मुख्य कालखंड में बांटा जा सकता है। एक 2014 के पहले का





भारत जो गरीबी, लाचारी और अभाव से ग्रस्त था और दूसरा कालखंड 2014 से अभी तक का रहा जिसमें किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक की नीति लाई गई। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश उत्तरोत्तर आगे बढ़ा। कार्यक्रम के मंडल संयोजक अमित अग्रवाल ने प्रस्तावना रखी। मंच का संचालन महामंत्री गौरव मगर ने किया।

कार्यक्रम के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित अहमदाबाद हवाई हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। आभार प्रदर्शन देवेंद्र ध्रुवंशी ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंदर मुंडी, महामंत्री अविनाश दुबे, बीथिका विश्वास, विजय साहू, कैलाश सोनकर, रेशमा शेख, चंद्रकला पटेल, राजीव चंद्राकर, तल्लीन पुरी गोस्वामी, नम्रता माला पवार, आशा लोधी, राकेश चंदवानी, भागवत देवांगन, सीमा चौबे, अनीता सोनकर, ईश्वरी पटवा, विशाल त्रिवेदी, राकेश यादव, पन्ना थवाईत, विजय ठाकुर, मुकेश शर्मा, आनंद पिंजानी, आमना सोना, संजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और हितग्राही शामिल हुए।

# सर्व समाज समन्वय महासभा ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मृतकों व नक्सल अभियान में शहीद जवान को सर्व समाज समन्वय महासभा द्वारा रविवार शाम 6 बजे नगर घड़ी चौक में श्रद्धांजलि दी गई। सदस्यों ने पूर्व सीएम विजय रुपानी, शहीद आकाश राव गिरिपुंजे सहित अन्य मृतकों को दीप जलाकर, पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन भी रखा।

मौके पर सर्व समाज समन्वय महासभा की महिला जिला प्रमुख पद्मनी चंद्राकर, जिला सचिव चन्द्रकला पटेल, ईश्वरी पटवा, बिमला पटेल, श्यामा पटेल, रेणुका नाडेम, हरजिंदर सिंह छाबड़ा, दिलीप पटेल, शैलेन्द्र चंद्राकर, नन्दलाल जसवानी, अजय जैन, पूरन देव नाडेम, प्रिया पटेल, काव्या चंद्राकर उपस्थित थे। यह जानकारी सर्व समाज समन्वय महासभा के सदस्य दिलीप पटेल ने दी है।

### विवेकानंद वार्ड में नाली निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन


**धमतरी।** विवेकानंद वार्ड में वर्षों से लंबित नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा व विशेष अतिथि पार्षद श्रीमती विभा चंद्राकर थीं। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुव्यवस्थित धमतरी हमारा लक्ष्य है।

# नगर निगम कराएगा कुत्तों की नसबंदी

- 5 लाख के खर्च पर लगभग 420 कुत्तों का होगा बधियाकरण : नीलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लुनिया ने बताया कि शहर में कुत्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रारंभिक चरण में 420 से 425 कुत्तों की नसबंदी नगर निगम कराएगा। इसके लिए टेंडर हो गया है। हरियाणा की एनजीओ कंपनी प्रति कुत्ते 1200 रूपए के हिसाब से



5 लाख रूपए में बधियाकरण करेगी। इसके बाद भी संख्या में कमी नहीं आएगी तो फिर से नसबंदी के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। यह कार्य पखवाड़ा भर के अंदर प्रारंभ हो जाएगी। श्री लुनिया ने बताया कि निगम के पास डाग हाउस बनाने की योजना विचाराधीन है।









हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

# तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में मनीषा मरकाम सरपंच, चन्द्रकिरण नेताम पूर्व उपसरपंच, नरेश मरकाम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष, नेहरू यादव, ठाकुरराम निषाद, दिलीप सिन्हा, पंचगण पार्वती, तुलसी, रीना, पुष्पा, वत्सला, सत्या दसमत के आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से प्राचार्य अभयराम ध्रुव एवं डॉ. आशीष नायक ने किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें



पाठ्यपुस्तकें एवं ड्रेस भी वितरित की गई। अतिथियों ने बच्चों को सतत आगे बढ़ने एवं पढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारे समय में सुविधाएं नहीं थी, अब जब सारी सुविधाएं मिल रही हैं तो बच्चे उसका लाभ ले और सतत आगे बढ़े। डॉ आशीष नायक ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन शाला आने व अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक जीवनलाल साहू एवं कमलेश निषाद ने किया।

कार्यक्रम में संतराम मरकाम, कन्हैयालाल सलाम, समन्वयक शिवकुमार साहू, चुम्मन साहू, शिवकुमारी नेताम, रूपेश सिन्हा, अर्चना रामटेके, प्रदीप चन्देल, निकिता तम्बोली, भगतराम मंडावी, भावना रामटेके, भागीरथी, हिरामन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





